तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 मवेशी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार जा गिरी खाई में, मामा की मौत, भांजा गंभीर



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री लखनलाल आज रहेंगे जिले प्रवास पर

**कोरबा।** वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 5 जनवरी की सुबह 9 बजे जैनम मानस भवन माना रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री देवांगन रायपुर से शाम 5.30 बजे कार द्वारा रवाना होकर रात्रि 9.30 बजे जिले के कोहड़िया चारपारा अपने निवास पहुंचेंगे।

### पोड़ी उपरोड़ा के दीपक बने गरियाबंद कलेक्टर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी तबादला सूची में एक आईपीएस व 88 आईएएस सहित 89 अधिकारियों के तबादला किया गया हैं। इसमें गरियाबंद जिला भी प्रभावित हुआ है। गरियाबंद जिले में नए कलेक्टर के तौर पर दीपक कुमार अग्रवाल की पदस्थापना शासन द्वारा की गई है। दीपक कुमार अग्रवाल का जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के पोड़ी-उपरोड़ा ग्राम के रहने वाले हैं। पोड़ी-उपरोड़ा के निवासी एवं प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी रहे स्व. बद्री प्रसाद अग्रवाल के 7 पुत्रों में 5वें पुत्र हैं। श्री अग्रवाल की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा पोड़ी-उपरोड़ा के विद्यालय में हिन्दी माध्यम से हुई। उच्च शिक्षा उपरांत उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने के लिए पीएससी की परीक्षा दिलाई थी। प्रथम प्रयास में ही उनका चयन वर्ष 2003 में छग राज्य सेवा आयोग में हो गया। वे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के उपसचिव थे। राज्य चुनाव आयोग में ट्रेनर भी रहे। वर्ष 2016 में वे आईएएस प्रमोट किये गए। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बने दीपक कुमार अग्रवाल को अभी गरियाबंद कलेक्टर बनाया गया है। वे कलेक्टर बतौर किसी जिले में पहली सेवा प्रदान करेंगे।

### एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड में भी खाली पद भरे जाएंगे

**कोरबा।** देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड में खाली पद भरे जाएंगे। कंपनी माइनिंग ओवरमैन, मैगजीन प्रभारी, विद्युत पर्यवेखक, व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक, कनिष्ठ खनन संवैक्षक, खनन सरदार के खाली ट्रेडों में कोयला खनन के लिए योग्य व अनुभवी लोगों की भर्ती करेगी। केन्द्र सरकार के आरक्षण पर मौजूदा नियमों व विनियमों का पालन करते हुए यह भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक

**कोरबा।** विशेष कमजोर जनजातियों के समाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री वसंत ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे मंत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से पीव्हीटीजी बसाहटो में अगले तीन वर्ष में विभिन्न विभागों के समन्वय से सभी बड़े मूलभूत कार्य पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती शिशुवती महिलाओं को लाभ, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया।

# एक ऐसा धान खरीदी केन्द्र जहां कार्यालय के लिए भवन भी नहीं और न धान रखने की जगह

## पाली ब्लाक के चैतमा धान खरीदी केंद्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा-चैतमा

अलग खबर

जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत आने वाले चैतमा धान उपार्जन केन्द्र एक ऐसा धान खरीदी केन्द्र है जिसका न तो अपना काई कार्यालय भवन है और न ही धान रखने के लिए कोई गोदाम बनाया है। चबूतरा भी पर्याप्त संख्या में नहीं बने हैं। खरीदे गए धान को जमीन पर रखना पड़ रहा है। एक हजार से अधिक किसान इस खरीदी केन्द्र अंतर्गत आते हैं उसके बावजूद खरीदी केन्द्र के लिए भवन व गोदाम बनाने की योजना पर कार्य नहीं हुआ।

चैतमा धान खरीदी केन्द्र में धान की आवक बढ़ने के बाद भी राईस मिलर्स के द्वारा धान का उठाव नहीं किए जाने के कारण अब धान जाम होने लगा है। चैतमा धान खरीदी केन्द्र में खरीदे गए धान को रखने के लिए जगह नहीं मिलने की वजह से खरीदी बंद होने की स्थिति निर्मित हो रही है। विपणन विभाग जिस तेजी से डीओ काटकर धान उठाव की जानकारी दे रहा है उसकी तुलना में राईस मिलर्स की गाड़ियां उस तेजी से धान उपार्जन केन्द्र नहीं पहुंच रही हैं। राज्य शासन द्वारा इस वर्ष खरीदी की मात्रा और समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ गई है। चैतमा धान खरीदी केन्द्र क्षेत्र का सबसे बड़ा उपार्जन केन्द्र है। जिसके अंतर्गत बड़ी आबादी वाले ग्राम पंचायत आते हैं। वर्तमान में धान का खरीदी मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल होने के कारण बंपर आवश्यक उपार्जन केंद्र में धान रखने की जगह नहीं पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले चैत्मा उपार्जन केंद्र में धान की बंपर आवक होने के कारण यहां पर जगह छोटी पड़ रही है। चैतमा उपार्जन केंद्र में 4 जनवरी तक कुल खरीदी 38 हजार 850 क्विंटल खरीदी किया जा चुका है। जिसमें से उठाव 26 हजार 670 क्विंटल का हो चुका है, शेष 12 हजार 180 क्विंटल बचत है। चैतमा उपार्जन केंद्र क्षेत्र में 740 किसानों ने अब तक धान की बिक्री की है। इसके बाद भी 555 किसान धान बेचने के लिए शेष बचे हैं। ज्ञात हो कि चैतमा उपार्जन केंद्र के पास ना कार्यालय भवन है, ना ही धन रखने के लिए कोई भवन है पूरा धन खुले में रखा पड़ा है। गलती से भी पानी गिर गया तो हजारों क्विंटल धान भीग जाएगा इसे देखते हुए आने वाले दिनों में खरीदी बंद करनी पड़ सकती है।

**खास बातें**

- धान की आवक बढ़ी, उठाव नहीं होने से जाम होने लगा धान
- पर्याप्त संख्या में चबूतरा की व्यवस्था भी नहीं



## पंचायतों से मवेशियों के उपचार हेतु मांगी जा रही है सुविधा

# गौठान से मवेशी हुए गायब और मोबाइल वैन खड़ी है डिस्पेंसरी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गौर संरक्षण हेतु ग्रामीण अंचलों में गौधन न्यास योजना के अंतर्गत बनाए गए गौठानों में रखने वाले मवेशियों को उपचार हेतु पशु चिकित्सा विभाग में राज्य शासन की ओर से 8 मोबाइल वैन मिले थे, ताकि गौठान स्थल पर जाकर मवेशियों का उपचार किया जा सके। अब चूंकि वर्तमान में गौठान के अस्तित्व में ही संकट मंडराने लगा है।

**खास बात**

- विभाग की मोबाइल वैन से मवेशी पालकों को नहीं मिल रही सुविधा

वहीं मवेशियों के उपचार के लिए खरीदी गई मोबाइल वैन भी विभाग के डिस्पेंसरी में भी खड़ी रहती है।

गौठानों में अब न तो मवेशी है और न ही कोई कर्मचारी। जिले में बनाए गए 200 से अधिक गौठानों की यही स्थिति सामने आई है। ग्राम पंचायत द्वारा भी अब गौठानों के संचालन में रूचि नहीं ली जा रही है। पूरी तरह विरान हो चुके गौठानों से सामाग्रियां भी धीरे-धीरे चोरी हो रही है। पूर्व में राज्य शासन द्वारा गौठारों में रहने वाले मवेशियों के उपचार हेतु पशु चिकित्सा विभाग को 8 मोबाइल वैन प्रदान किए गए थे, वह भी विभाग के ब्लॉक मुख्यालय में चलने वाले पशु चिकित्सालय में खड़ी हुई है। मोबाइल वैन की उपयोगिता विभाग के लिए भले ही अब न के बराबर है, किंतु ग्राम पंचायतों से मवेशियों के उपचार हेतु मोबाइल वैन भेजे जाने की लगातार मांग आ रही है, किंतु विभाग की ओर से मोबाइल वैन भेजने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है। जहां कहीं भी मवेशियों के बीमारी फैलने की जानकारी विभाग तक पहुंचती है तो पशु चिकित्सक के भरोसे ही स्वास्थ्य शिविर लगातार उपचार का कार्य किया जाता है। पशु चिकित्सक भी इस बात को स्वीकारते हैं कि मोबाईन वैन का उपयोग ग्रामीण अंचलों में बीमार मवेशियों के उपचार हेतु किए जाने के लिए ही दिए गए हैं, किंतु इनका मैदानी क्षेत्र में उपयोग नहीं हो रहा है। पशु चिकित्सक को स्वयं के वाहन से ग्रामीण अचंलों का दौरा करना पड़ता है। पूर्व में भी गौठानों में कहीं भी मवेशी बीमार हुए तो शुरूआती दौर में चिकित्सक ही अपने साधन से पहुंचे हैं। मोबाइल वैन दूरस्था वनांचल क्षेत्रों में ही भेजी गई है और अब गौठानों के बंद होने के कारण उसका परिचालन भी बंद हो चुका है।



डिस्पेंसरी के बाहर खड़ा एंबुलेंस।

### ब्लॉक में संचालित है डिस्पेंसरी और चिकित्सालय

जिले के सभी पांच ब्लॉकों में पशु चिकित्सालय के साथ-साथ डिस्पेंसरी भी संचालित है। विभाग के आंकड़े के अनुसार 20 पशु चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है, वहीं 32 डिस्पेंसरी संचालित है। इनके अलावा बांकीमोंगरा और दीपका में भी नई डिस्पेंसरी खोले जाने का प्रस्ताव विभाग द्वारा शासन को भेजा गया था, जिसमें स्वीकृति मिल गई है। बालको क्षेत्र में भी डिस्पेंसरी भेजे जाने का प्रस्ताव विभाग ने भेजा था। उस पर अब तक स्वीकृति मिलना बाकी है। पशुधन चिकित्सा विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले चिकित्सालय और डिस्पेंसरी की निगरानी में मोबाइल वैन का परिचालन किया जाता है।

### सूचना मिलने पर भेजी जाती है

मोबाइली वैन पशु चिकित्सालय में उपलब्ध है। मवेशियों के बीमार होने की सूचना मिलने पर भेजी जाती है। जहां कहीं भी मवेशियों में बीमारी फैलने की जानकारी विभाग को मिलती है वहां शिविर लगाने के साथ-साथ मोबाइल वैन को भी भेज दिया जाता है।

**- एसपी सिंह,** उप संचालक, पशुधन विकास विभाग

# ट्रेलर ब्रेकडाउन, घंटों लगा रहा जाम, क्रेन से खींचकर किया बहाल



सड़क के बीचोंबीच ब्रेकडाउन ट्रेलर जिसकी वजह से लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयले से भरी एक ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 0336 सर्वमंगला पुल से कुछ दूर आगे ही अचानक मोड़ने के दौरान ब्रेकडाउन हो गई। जिसकी वजह से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जैसे ही यातायात पुलिस को इसकी सूचना मिली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके पर क्रेन को बुलाया गया और क्रेन के माध्यम से ब्रेकडाउन ट्रक को किनारे कर घंटों मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था को किसी तरह बहाल किया गया।

**खास बात**

- चालक की मनमानी पड़ी भारी, घंटों तक आवागमन रहा बाधित

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे सर्वमंगला चौकी के समीप ही एक कोयला लेकर जा रही ट्रेलर वाहन मोड़ने के दौरान अचानक ब्रेकडाउन हो गई जिसकी वजह से पूरा सड़क ही जाम हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश पर यातायात प्रभारी एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ब्रेकडाउन ट्रेलर को हटाने के लिए मौके पर क्रेन बुलाया गया और लगभग ढाई घंटे की मशक्कत के बाद लगभग 11:30 बजे मार्ग को बहाल किया जा सका।

# खनन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हो इस्तेमाल : कोयला सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। देश में थर्मल कोयले का आयात शून्य करना प्राथमिकता है। कोल इंडिया को इस साल 850 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना होगा, वहीं आने वाले साल में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है। ऐसे में देश को खनन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने व खनन अन्वेषण के लिए तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अत्याधुनिक तरीके को आत्मसात करना होगा।

उक्त बातें गुरुवार को कोयला सचिव अमृतलाल मीणा ने कही। वह कोल इंडिया व उसकी सहायक कंपनियों के साथ रिव्यू मीटिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के मुताबिक व सुरक्षित उत्पादन का निर्देश दिया और थर्मल व स्टील प्लांटों को पर्याप्त मात्रा में कोयला आपूर्ति पर जोर दिया है। कोल इंडिया सीएमडी मीट का आयोजन 5 व 6 जनवरी को उदयपुर में होगा। इसकी अध्यक्षता कोयला सचिव अमृत लाल मीणा करेंगे। इसमें कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता समेत सभी कोल कंपनियों के सीएमडी, डीटी व अन्य अधिकारी शामिल होंगे। कोल इंडिया सीएमडी मीट का आयोजन 5 व 6 जनवरी को उदयपुर में होगा। जिसकी अध्यक्षता कोयला सचिव अमृत लाल मीणा करेंगे। इसमें कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता सहित सभी कोल कंपनियों के सीएमडी, डीटी व अन्य अधिकारी शामिल होंगे।



# एसईसीएल के 97 अनुभवी कर्मियों को मिला असिस्टेंट फोरमेन बनने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के 97 कोल कर्मियों को असिस्टेंट फोरमेन बनने का मौका मिला है। वहीं इस पद के लिए आवेदन करने वाले 135 कोल कर्मी ऐसे हैं जिन्हें आपात श्रेणी में रखा गया है। एसईसीएल ने अभ्यर्थियों की पात्र व अपात्र सूची जारी कर दी है। संभावना है कि आने वाले दिनों में कंपनी में असिस्टेंट फोरमेन की कमी दूर हो जाएगी।

**खास बातें**

- विभागीय भर्ती से खदानों में भरे जाएंगे खाली पद
- प्रबंधन ने जारी किया पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की सूची



अनुभवी व योग्यताधारी कर्मियों को एसईसीएल में असिस्टेंट फोरमेन बनने का मौका मिलेगा। विभागीय भर्ती से कंपनी प्रबंधन खदानों में खाली फोरमेन के पद भरे जाएंगे। इस पद के लिए आवेदन करने के बाद एसईसीएल प्रबंधन ने अभ्यर्थियों की पात्र व अपात्र की सूची जारी कर दी है। अपात्र सूची में जिन कर्मचारियों के नाम शामिल है, उन्हें अपात्र किए जाने की वजह भी दर्शायी गई है। एसईसीएल की कोयला खदानों में नियमित कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है। आउटसोर्सिंग कंपनियों को खदान में ठेके पर काम देकर इनकी जगह ठेका कर्मचारी जरूर ले रहे हैं। ताकि कंपनी का कोयला उत्पादन नहीं घटे। एसईसीएल की खदानों में असिस्टेंट फोरमेन की कमी जल्द दूर कर ली जाएगी। कोयला खदानों में खाली इस पद को भरने एसईसीएल ने विभागीय भर्ती की प्रक्रिया शुरू की है। कर्मचारियों से आवेदन मंगाया गया था। इसके बाद पात्र व अपात्र की सूची कर दी गई है। पात्र सूची में शामिल कर्मचारियों को असिस्टेंट फोरमेन बनने परीक्षा देना होगा। इसमें सफल होने पर इस पद पर नियुक्ति देकर खाली पद भरा जाएगा। जिन कर्मचारियों के नाम अपान्न सूची में है उनके नाम के सामने अपात्र किए जाने का कारण दर्शाया गया है। कंपनी के जारी सूची में 97 पात्र और 135 अपात्र पाए गए हैं।

### साढ़े 11 हजार एसईसीएल कर्मी

जिले में एसईसीएल की भूमिगत व खुली खदानें हैं। यहां लगभग 11 हजार 500 एसईसीएल कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी की खदानें छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश में भी है। एसईसीएल में अभी कुल 38 हजार 827 कर्मचारी कार्यरत हैं। बता दें कि 73 फीसदी कर्मियों की उम्र 45 से अधिक है। हर साल रिटायरमेंट से कर्मचारियों की संख्या घट रही है। -दूसरी ओर खदान में कोयला खनन में अनुभवी तकनीकी जानकारी वाले नियमित कर्मियों की व जरूरत होती है। यही कारण है कि विभागीय भर्ती से असिस्टेंट फोरमेन के पद भरे जाएंगे।

## अधिकारों और योजनाओं को आम लोगों तक ईमानदारी से पहुंचाया जाएगा

# शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रमुखता से होगा कार्यः अजीत वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने अपने प्राथमिकतापूर्ण कार्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य को शामिल किया है। उन्होंने कहा है कि आम लोगों के अधिकारों और शासन द्वारा जनहित के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं को आम आदमी पूरी ईमानदारी पारदर्शिता से पहुंचाई जाएगी। किसी भी शिकायत का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। जिले की समस्याओं और जिले की मुद्दों पर प्राथमिकता से फोकस किया जाएगा।



अजीत वसंत

कलेक्टर अजीत वसंत शुक्रवार की शाम कलेक्टोरेट सभा कक्ष में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि लोगों के सामने आने वाली मूलभूत समस्याओं का निराकरण उनके कार्यों में प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य का क्षेत्र उनके कार्यों में सबसे पहले शामिल है। इन दोनों क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की पूरी तरह से दूरस्थ किया जाएगा। दूरस्थ अंचल में निवासरत लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे इसके लिए वे स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का निगरारी करेंगे। प्राथमिकता के तौर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाएगा। सरकार के इस प्रमुख योजना पर कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं। पीएम जनमन योजना के विषय पर कलेक्टर श्री वसंत का कहना था कि संरक्षित जनजाति के बसाहटों तक प्रशासन का पहुंचा प्रमुख रहेगा ताकि निवासरत लोगों को शासन की छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े। भूमि अधिग्रहण के संबंध में किए गए सवाल पर उनका कहना था कि उनके सामने पहले ही दिन इससे संबंधित दो शिकायतें आई है। वह इस प्रकरण को प्राथमिकता से देखेंगे। राज्य शासन की योजना पर उन्होंने कहा कि शासन के निर्धारित शुल्क के अलावा अगर कोई किसी तरह की राशि की मांग करता है तो लोग उन्हें शिकायत करें, त्वरित कार्यवाही करेंगे। धान खरीदी के प्रश्न पर उनका कहना था कि यह जिला जीरो शॉर्टेज का रहा है ऐसे में यह माना जाता है कि यहां धान का उठाव नियमित और समय पर हो रहा है। वर्तमान में धान जाम रहने की जो स्थिति सामने आ रही है वह ट्रकों की हड़ताल से निर्मित हुई है।

# देश सहित दीप उत्सव से जगमगाएगा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामराज्य युवा यात्रा श्रीलंका से अयोध्या पहुंचेगी यह यात्रा 25 दिसंबर से 20 जनवरी को श्रीराम जी के भव्य मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या धाम पहुंचेगी। जिले में रामराज्य युवा समिति के सदस्यों के के द्वारा भव्य यात्रा निकाली गई यात्रा में स्वागत के लिए भाजपा नेता रजनीश देवांगन सम्मिलित होकर राम राज्य यात्रा का स्वागत किए। निश्चित तौर पर पूरा देश आज जगमग हो उठा है कई सालों के संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का सपना पूरा हुआ। जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने कहा कि करोड़ों भक्तों को उनके सपने को साकार कर केंद्र की मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया। जनवरी माह में प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य दीप उत्सव का कार्यक्रम होगा। जिला सहित देश प्रदेश दीप उत्सव से जगमगाएगा। इस अवसर पर रामराज्य समिति के अध्यक्ष रामावतार, प्रदोष सुरेश चौव्हाण, नवदीप नंदा, पार्षद लकेश्वर चौहान, दिनेश वैष्णव, संजय कुमवंशी, रामावतार पटेल, रिंकू, लक्ष्मी नारायण, स्वाति कश्यप, पुष्पकला, राखी, तारक, प्रीति चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।


5 Ambikapur-BHOOMI-pg 2_Layout 1 1/5/2024 9:31 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# विवादों में घिरे हॉलीवुड एक्टर चार्ली शीन पर घातक हमला




**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चार्ली शीन घातक हमले का शिकार हो गए। 'टू एंड ए ऑफ मेन' स्टार चार्ली पर उनके लग्जरी मालिबू घर में घातक हथियार से हमला हुआ। हमला एक महिला ने किया, जो उनकी पड़ोसी बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उस पर मारपीट और चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला उनके घर में जबरन घुस गयी और एक्टर पर घातक हथियार से हमला कर दिया। हालांकि, इस हमले में एक्टर को ज्यादा चोट नहीं आई है और फिलहाल वो ठीक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी इलेक्ट्रा श्रॉक (47) एक्टर चार्ली शीन की पड़ोसी है, जो जबरदस्ती उनके घर में घुस आई और एक्टर पर घातक हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी महिला ने उनके कपड़े फाड़ दिए और उनका गला दबाने का भी प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर तुरंत पैरामेडिकल की टीम पहुंची और एक्टर की जांच और इलाज किया। बताया जा रहा है कि यह कोई पहली बार नहीं था जब उनका अपने पड़ोसी से विवाद हुआ हो। इससे पहले भी शीन की कार पर लिक्विड पदार्थ फेंकने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल इस मामले में पुलिस की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि 58 वर्षीय एक चार्ली शीन मशहूर एक्टर मार्टिन शीन के बेटे हैं।

जिनकी छवि हॉलीवुड में एक बैड बॉय की रही है। वह मादक पदार्थों के सेवन और एडल्ट अभिनेत्रियों के साथ अपने संबंधों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं।

### टॉलीवुड

# सलार बनी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी तेलुगु फिल्म



**हैदराबाद।** साल 2023 की आखिरी रिलीज 'सलार' नए साल में भी जबरदस्त धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म लगातार दो हफ्ते से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। वहीं, अपनी रिलीज के साथ ही यह फिल्म एक के बाद कई नए रिकॉर्ड बनाते जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 90 करोड़ के साथ सबसे बड़ी ओपनिंग ली और पहले ही दिन इतनी बड़ा कलेक्शन करने वाली देश की पहली फिल्म बनी। इसके अलावा दुनियाभर में इस फिल्म ने 170 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। छुट्टियों का इस फिल्म को भरपूर फायदा मिला और महज 13 दिन में प्रभास स्टारर 'सलार' ने देश में 373.57 करोड़ की कमाई कर ली, जो तेजी से 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने की ओर बढ़ रही है। शाहरुख खान स्टारर 'डंकी' से मुकाबला होने के बावजूद सलार थिएटर में जमी हुई है। प्रभास के साथ-साथ इस फिल्म पृथ्वीराज सुकुमारन, टीनू आनंद, जगपति बाबू और श्रिया रेड्डी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। तेलुगु सिनेमा में यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अकेले हैदराबाद में इसके 425 शो चल रहे हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में सलार के 614 शो चल रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सलार' ने अपने 13वें दिन की कमाई के साथ ही एक और रिकॉर्ड कायम कर लिया है। फिल्म ने दुनियाभर में 650 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है, 'बाहुबली 2' और 'आरआरआर' के बाद 'सलार' ये रिकॉर्ड बनाने वाली तीसरी तेलुगु फिल्म है। गौरतलब है कि 'आरआरआर' ने दुनियाभर में 1230 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। वहीं, प्रभास स्टारर 'बाहुबली 2' ने 1788 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

सलार सुपरस्टार प्रभास के लिए एक बड़ा कमबैक है।

### भोजपुरी

# इंद्र को रिझाने वाली सती माता की कहानी आई पर्दे पर



पौराणिक कथाओं में सती सावित्री और सत्यवान की कथा बहुत ही प्रचलित है। सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण की रक्षा यमराज से की थी। सती बिहुला की भी कहानी कुछ ऐसी ही हैं, जो स्वर्ग से अपने पति के प्राण को वापस लाती है। सती बिहुला के जीवन पर फिल्म 'सती बिहुला' का निर्माण हो रहा है, जिसकी शूटिंग इन दिन दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार की लोक कथाओ में सती बिहुला की कहानी बहुत प्रचलित हैं। लोक कथाओ की मान्यताओं के अनुसार सती बिहुला लक्ष्मीपुर के राजा की बेटी थी। उनकी शादी हुई, वह अपने ससुराल नेवला, बिल्ली, गरुड़ के साथ पहुंचती है। लेकिन तमाम सावधानी के बावजूद एक तांत्रिक उनके पति लखंदर को सांप से डसवाने में कामयाब हो जाता है और लखंदर की मौत हो जाती है। ससुराल वाले बिहुला को अपशगुनी मानते हैं। बिहुला अपने पति का शव लेकर गंगा में कूद जाती है, जहां पर उसकी मुलाकात इंद्र के कपड़े धोने वाली एक महिला से होती है। वह साथ इंद्रलोक पहुंचती है। इंद्र के दरबार में वह नृत्य करती है, जिसे देखकर इंद्र बहुत खुश होते हैं। और, बिहुला से वरदान मांगने को कहते हैं। बिहुला अपने पति के जीवन के साथ साथ उसके भाइयों को जीवित करने का वरदान मांगती है, जिन्हें तांत्रिक ने उनके पति से पहले मार दिया था। सती बिहुला पर बन रही भोजपुरी फिल्म में सती बिहुला की शीर्षक भूमिका निभा रही अभिनेत्री पायस पंडित कहती हैं, 'लोक संस्कृति की अमर किरदार सती बिहुला के किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। सती बिहुला की कहानी महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रमाण है। इससे पता चलता है कि चलता है कि महिलाएं हर युग में मजबूत रही हैं, लेकिन बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की जरूरत है। सबसे बड़ा प्रमाण सती सावित्री और सती बिहुला की कथा है। मेरी कोशिश है कि सती बिहुला की भूमिका को इमानदारी से निभाऊं।' फिल्म में सती बिहुला के पति लखंदर की भूमिका निभा रहे अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत कहते हैं, 'यह फिल्म महिलाओं के समर्पण की लोकगाथा पर आधारित फिल्म है। यह लोकगाथा अब अपनी जातीय सीमाओं से परे पूरे बिहार में पसंद की जाती है। यह कहानी सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के समर्पण और महत्व को रेखांकित करती है। इस फिल्म में लखंदर की भूमिका निभा कर बहुत ही उत्साहित हूं, उम्मीद करता हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को पसंद करेंगे।'

## लाइफ स्टाइल

### तनाशा का जादुई सौंदर्य

अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल नताशा लियोन फिल्मों के अलावा रैम्प पर काफी सुर्खियां बटोरती रही हैं। स्लम्स ऑफ बेवर्ली हिल्स (1998) और बट आई एम ए चीयरलीडर (2000) जैसी कॉमेडी फिल्मों में अभिनय करने से पहले लियोन ने एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था। लियोन अमेरिकन पाई (1999) और अमेरिकन पाई 2 (2001) में भी दिखाई दीं। लियोन को ऑरेंज इज़ द न्यू ब्लैक (2013-2019) में निकी निकोलस और रशियन डॉल (2019-) में नादिया वुल्वोकोव के रूप में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। लियोन को दोनों नेटफ्लिक्स श्रृंखलाओं में उनके प्रदर्शन के लिए प्राइमटाइम एमी नामांकन प्राप्त हुआ था।



# सर्दियों में अपना चेहरा धोने करें कुदरती पहल, मिलेगी दमकती त्वचा

सर्दी के मौसम में त्वचा के लिए तमाम तरह के प्रोडक्ट होते हैं, जो त्वचा का अच्छी तरह से ध्यान रखते हैं लेकिन इसके बाद भी बहुत से लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जहां आपको बेसन देखने को ना मिले। ऐसे मे आप आसानी से बेसन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को दमका सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस बेसन के साथ गुलाब जल और दही को अच्छे से मिलाना है। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर 4 से 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को साफ कर लें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी। सर्दियों में आपके स्किन की नमी कहीं खो जाती है। ऐसे में अगर आप शहद को अपने चेहरे पर लगा सकते



हैं। इसमें मौजूद तत्व आपके चेहरे को चमकाने का काम करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को हल्का सा गीला कर लें। इसके बाद थोड़ा सा शहद हाथ में लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। कुछ देर इसे चेहरे की मसाज करने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। टमाटर सर्दियों के मौसम में काफी ज्यादा सस्ते मिल जाते हैं। ऐसे में आप चेहरा चमकाने के लिए आप टमाटर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपकी काफी मदद करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो सबसे पहले टमाटर का रस निकालें और फिर इसे रुई की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। 5 से 7 मिनट के बाद आप चेहरे को धो सकते हैं।

# अपने बाल धोते वक्त न करें ये गलतियां

आज के समय में बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खानपान की वजह से लोगों के साथ कई तरह की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। वैसे तो बाल झड़ने की कई वजह हो सकती हैं, लेकिन इनमें सबसे अहम है गलत तरह से बालों का धोना। बालों को ज्यादा तेज गर्म पानी से धोना उन्हें डैमेज कर सकता है और सिर की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में हमेशा बालों को ठंडे या गुनगुने पानी से धोना ज्यादा सही माना जाता है। अगर आप ज्यादा मात्रा में शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे भी आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। डैमेज होने के बाद बाल काफी ज्यादा मात्रा में टूटने लगते हैं। ऐसे में हमेशा अपने हेयर टाइप के हिसाब से ही शैंपू चुनें और उसका इस्तेमाल भी सही मात्रा में करें। बाल बेहद नाजुक होते हैं। ऐसे में आप अपने बालों को धोने वक्त ज्यादा तेज ना रगड़े। इससे बाल कमजोर हो जाते हैं और तेजी से झड़ने लगते हैं। अगर आप हर रोज बाल धोते हैं, तो ये भी आपके बालों को कमजोर बनाता है।



# सर्दियों में खूब भायेगा मखमली कुरता, आजमा कर देखिए



फैशन

ठंड के इस मौसम में आम तौर पर कपड़ों को लेकर पुरुषों के पास तो ज्यादा ऑप्शन नहीं होते लेकिन महिलाएं बहुत सा विकल्प रखती हैं। इस मौसम में अगर आप भी कुछ ऐसा पहनने का सोच रहीं हैं, जिसे पहनकर आप खूबसूरत भी लगें और आपको ठंड भी ना लगे तो वेलवेट यानि मखमली सूट आपके लिए बेहतर विकल्प है।



**हरे रंग का कुर्ता:** हरा रंग पूजा में पहनने के लिए वैसे भी काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप एक्ट्रेस प्रिया वॉरियर के जैसा मखमली कुर्ता अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस कुर्ते के साथ आप स्लीक स्टाइल में जूड़ा बना सकती हैं।

**लाल कुर्ता:** मखमली लाल कुर्ता प्लाजो के साथ अगर आप पहनेंगी तो आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका लुक भी काफी खूबसूरत दिखेगा। आप चाहें तो अभी से इसे तैयार करा सकती हैं।

**डीप पर्पल सूट:** आप चाहें तो डीप पर्पल रंग का मखमली फैब्रिक का सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ग्लैमरस लुक के लिए आप इस कुर्ते का गला आगे से थोड़ा डीप करा सकती हैं। इसकी स्लीव का डिजाइन भी अगर आप थोड़ा हटकर बनवाएंगी तो आपका लुक खूबसूरत दिखेगा।



**नई दुल्हन के लिए:** इस मौसम में आप मखमली अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। मखमली फैब्रिक में अनारकली सूट काफी खूबसूरत दिखता है।

**रॉयल लुक देगा रॉयल ब्लू:** अगर आप शाही लुक कैरी करना चाहती हैं तो रॉयल ब्लू रंग का सूट आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। आप इसके साथ अलग रंग का दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

**मखमली प्लाजो कुर्ता:** हैवी वर्क वाला मखमली प्लाजो कुर्ता आपको खूबसूरत दिखने में मदद करता है। इसके साथ अपने बालों को खुला रखें और कानों में हैवी ईयररिंग्स पहनें।

# पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट बनवाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल,

रोजाना से लेकर पार्टी या शादी तक में हम सलवार सूट को पहनना पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस मौके पर खासकर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहना जाता है।

### सलवार सिलवाते समय रख इन बातों का खास ख्याल

आजकल सिंपल से सिंपल लुक में भी सलवार के लिए आपको इसके कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन सलवार बनवाने के लिए आपको इसकी लेंथ से लेकर बनवाई गई कलियों तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि आपकी बॉडी शेप परफेक्ट तरीके से डिफाइन हो सके। वहीं आप चौड़े पौंचे वाली सलवार बनवा सकते हैं। यह काफी चलन में आजकल नजर आ रही है।

सूट की लेंथ को वैसे तो पंजाबी स्टाइल में शॉर्ट ही रखा जाता है, लेकिन जरूरी नहीं है कि आप भी इसे बिल्कुल ही शॉर्ट बनवाये बल्कि आप सूट की लेंथ को अपनी बॉडी शेप के हिसाब से कस्टमाइज कर घुटने तक का भी बनवा सकती हैं और इसका घेरा भी आप अपनी वेस्ट के हिसाब से बड़ा या छोटा करवा सकती हैं।

### पंजाबी लुक को परफेक्ट बनाने के आसान टिप्स

पंजाबी लुक में खासकर पटियाला सलवार को पहनना पसंद किया जाता है।बालों के लिए आप परांदी की मदद लेकर ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट हेयर स्टाइलिंग के लिए आप अपने फेस शेप के हिसाब से ब्रेड को चुन सकती हैं। कानों में आप गोल बाली में कई तरीके के डिजाइंस को चुनें। इसके अलावा दुपट्टे में आप फुलकारी डिजाइन या किनारी लेस गोटा-पट्टी लगवा सकती हैं।



# कोट की असल लंबाई और फिटिंग होनी चाहिए कितनी? जानिए इन फैशन टिप्स के साथ

कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है।



### कॉलर से जांचिए लंबाई

कॉलर से भी ये पता लगाया जा सकता है कि कोट आपके लिए सही लेंथ और फिटिंग का है या नहीं। सूट की कॉलर शर्ट की कॉलर से ठीक पीछे होनी चाहिए। इसके साथ शर्ट का कॉलर भी ठीक गर्दन से लगा होना चाहिए। ये तीनों आपस में हल्के से टच होने चाहिए। अगर ये गैप ज्यादा है तो सूट फिटिंग का बिल्कुल नहीं है।

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

### ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।

## कार्नर न्यूज

### आज की नौजवान पीढ़ी भी खूब पसंद करती हैं उस दौर के टिप्स

# आज भी लड़कियों का दिल जीतने में उतने ही असरदार हैं तीन दशक पुराने डेटिंग टिप्स

*डेटिंग टिप्स समझते हैं तो फिर आप अपनी क्रश को दिल की बात क्यों नहीं कह देते। अपना दिल देने से पहले इतनी शर्माहट और घबराहट क्यों हो रही है? कहीं नए डेटिंग आइडिया या टिप्स के चक्कर में आप भी एक-एक दिन यूं ही न काट दें। अब नए-पुराने का चक्कर छोड़िए और असरदार डेटिंग टिप्स को अपनाकर देखिए। शायद इससे आपकी बात बन जाए। क्योंकि जब तक आप अपनी क्रश को स्पेशल फील नहीं करा देते तब तक वह आपकी ओर ध्यान नहीं दे सकती। अब दिल जीतने के लिए हम नए दौर में 90 के दशक के कुछ डेटिंग टिप्स जानते हैं। जिसके जरिए फिल्मों में हीरो-हीरोइन और दूसरे लोग अपने दिल की बातों को बयां किया करते थे।*



डेटिंग टिप्स आपकी पहली मुलाकात से लेकर हर अगली मुलाकात के अनुसार बदल भी सकते हैं। इसलिए आप अपनी सुविधानुसार इन टिप्स को फॉलो करें। अगर यह आपके रिश्ते के लिए सुविधानुसार नहीं लगे तो उसमें बदलाव भी कर सकते हैं।साथ ही कुछ कहने या लिखने के लिए मर्यादित भाषा का ही प्रयोग करें। कुल मिलाकर अपने दिल की बात कहने से पहले सोचे समझें और अपने विवेक का भी इस्तेमाल करें।

### लड़की को स्पेशल फील कराना क्यों जरूरी?

कई लड़कों को लगता है कि सिर्फ 'मैं तुमसे बहुत बहुत प्यार करता हूं', 'मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं...' कह देने से लड़की अपना मासूम दिल दे बैठेगी। मगर ऐसा नहीं होता है। क्योंकि प्यार एक खास अनुभव होता है, जो किसी खास के लिए ही होता है। इसलिए अपनी क्रश को स्पेशल फील कराना जरूरी है। इसके लिए गिफ्ट नहीं बस कुछ अल्फाज और अदकारी चाहिए।

### प्यार से देखें, घूरे नहीं


नब्बे के दशक की फिल्मों में विलेन और हीरो दोनों ही हीरोइन पर फिदा होते थे लेकिन खलनायक के देखने का अंदाज ही एक्ट्रेस को पसंद नहीं आता है। जबकि एक्टर सिर्फ नजर से ही दिल चुरा लेते थे। इसलिए आप भी अपनी क्रश को घूरने, ताड़ने की बजाय उसको प्यार भरी निगाह से देखें।

### व्हाट्सएप नहीं, खत पर लिखें दिल की बात

ऑनलाइन डेटिंग के दौर में एक साथ कई लोगों के मैसेज आते हैं। ऐसे में मिजाज खराब भी होता है। इसलिए आपको लीक से हटकर कुछ अलग करना होगा। ऐसे में ग्रीटिंग कार्ड या कोरे कागज पर कुछ प्यार भरी बातों को लिखकर भेजें। यकीनन इस वक्त में वह उस लड़की को पसंद आ सकता है। हां, वह आपका खत एकांत में पढ़ेगी, इसलिए मुमकिन है असर भी होगा।

### एक प्यार भरा गाना

नब्बे के दशक में हर प्रेमी-प्रेमिका की चाहत होती थी कि उनको चाहने वाले कोई प्यार भरा गाना डेडिकेट कर दे। वाकई गानों का असर तो होता ही है। दिल के हाल को बयां करने के लिए गानों से आसान व असरदार कोई तरीका नहीं हो सकता है। अगर आपको उसकी पसंद के गायक के बारे में पता हो तो फिर क्या कहने, यह आपके लिए सोने पर सुहागा साबित हो सकता है।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन का नववर्ष अभिनंदन समारोह 13 को

**कोरबा।** फ़ेडरेशन के जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के तत्वाधान में 13 जनवरी को आयोजित होने वाले नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह की तैयारी बैठक 4 जनवरी को छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन से सम्बद्ध संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारियों की उपस्थिति में बीआरसी भवन अंधरीकछार मे रखी गई थी। बैठक में अभिनंदन समारोह की तैयारी के साथ साथ विभिन्न एजेंडों पर पदाधिकारियों ने अपना सुझाव रखा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन का प्रस्तावित जिला कार्यालय जीर्ण-शीर्ण भवन का जीर्णोद्धार, कर्मचारी अधिकारियों की विभागीय समस्याओं का समाधान हेतु विभागीय परामर्शदात्री समिति का गठन, विधानसभा निर्वाचन में मतदान अधिकारियों की लंबित मानदेय भुगतान,शिक्षा एवं अन्य विभागों मे विभिन्न संवर्ग का लंबित विभागीय पदोन्नति,कर्मचारियों के ब्यक्तिगत विभागीय विधिक समस्याओं पर कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन की प्रतिक्रिया एवं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता, पंचायत सचिवों के शासकीयकरण एवं सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति पर शासन स्तर पर पत्राचार ऐसे अन्य समस्याओं तथा कर्मचारी हितों से सम्बंधित विषयों पर गंभीरता से मंथन कर सुझाव के साथ निर्णय लिए गए। फ़ेडरेशन के संयोजक केआर डहरिया द्वारा सभी सम्बद्ध संगठन के अध्यक्ष व पदाधिकारियों को नूतन वर्ष अभिनन्दन समारोह में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने एवं सहयोग प्रदान करने की अपील की।

### गुरु घासीदास जयंती समारोह में राजेश हुए सम्मानित



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका के गेवरा कॉलोनी में गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंथी नृत्य के कलाकारों ने भव्य मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले मेधावी छात्रों तथा विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया। जिनमें राजेश यादव को दिल्ली में डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर दीपका गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल की ओर से प्रमाण पत्र, पदक, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। राजेश यादव ने दलितों के उत्थान के विभिन्न रचनात्मक कार्य के साथ साथ निचले स्तर के लोगों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान, रेशम यादव केंद्रीय अध्यक्ष, यूआर महिलांगे जिला अध्यक्ष, केके लहरे तहसीलदार भैसमा, एके तिवारी मुख्य महाप्रबंधक गेवरा, डॉ. जयपाल सिंह पूर्व बसपा नेता, डॉ. एसके मेश्राम, अनूप यादव नेता प्रतिपक्ष, तनवीर अहम्मद महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी आदि उपस्थित थे।

### नगर निगम कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री से की मुलाक़ात



**कोरबा।** उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव से कृषि विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर संगठन के अध्यक्ष वीरेश शुक्ला के नेतृत्व में कोरबा नगर निगम कांट्रेक्टर एसोसिएशन अध्यक्ष असलम खान छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर संगठन के सचिव के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें बधाई दी। साथ ही विभाग से संबंधित कार्य और प्रगति के संबंध में आगामी दिनों में पुनः एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित रखने की मांग रखी एवं कोरबा नगर निगम में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया गया विभिन्न मद के भुगतान में विलम्ब, अधोसंरचना मद के पैसे शासन द्वारा समय पे उपलब्ध नहीं होना सहित गंभीर समस्याओं से अवगत करवाया गया। इस पर श्री साव जल्द ही सभी समस्यों को दूर करने का आश्वासन दिया है।

### जिला पंचायत सीईओ ने शिकायत पर लिया संज्ञान

# राशि जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायतों ने नहीं कराए कार्य, अब होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों को सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृत की गई राशि के बाद भी किसी तरह का सड़क निर्माण कार्य नहीं होने की शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने इस मामले के जांच के आदेश दिए हैं। 61 लाख रूपये की राशि ग्राम पंचायतों को जारी की गई थी।

**खास बात**

- सीसी रोड निर्माण हेतु 61 लाख रुपए ग्राम पंचायतों को किए गए थे जारी

विकासखंड करतला के ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के लिए अग्रिम राशि का भुगतान किया गया है। इसके बाद भी निर्माण एजेंसियों द्वारा दो वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्रारंभ नहीं किया गया है। मामले की शिकायत दर्री रोड निवासी बिहारीलाल सोनी ने कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ से की थी। मामले में जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता को जांच के आदेश दिए हैं। 7 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने कहा गया है। शिकायत में कहा गया है कि करतला विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना मद से सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे। इन निर्माण कार्यों के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। इन स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए 54.60 लाख रूपये की अग्रिम राशि संबंधित निर्माण एजेंसियों को प्रशासन के द्वारा जारी की गई थी। निर्माण एजेंसियों के द्वारा प्रशासन द्वारा जारी अग्रिम भुगतान राशि का आहरण किए जाने के बाद भी स्वीकृत निर्माण कार्य आज पर्यंत तक प्रारंभ नहीं किए गए हैं और न ही निकाली गई राशि को पंचायत के खाते में जमा किया गया है, जो आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता है। निर्माण एजेंसी व तकनीकी अमले की मिलीभगत के कारण शासन द्वारा स्वीकृत ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक लेटलतीफी व लापरवाही के कारण क्षेत्रीय जनता को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। प्रकरण की जांच करा दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही तथा स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने आदेश जारी की जाने की मांग की गई थी। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा ने 3 जनवरी को कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा को जांच के आदेश दिए हैं।

**मिले हैं जांच के आदेश**

जिला पंचायत सीईओ के द्वारा ग्राम पंचायतों के सीसी रोड के लिए जारी की गई राशि से निर्माण कार्य नहीं कराए जाने की शिकायत पर जांच के आदेश दिए गए हैं।

- एके नाग
कार्यपालन अभियंता, आरईएस

# संस्कृति, सभ्यता और विरासत सहेजने से ही हो पाएगा विकासः वल्लभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में सनातन धर्म के प्रति अब लोग ज्यादा जागरूक हो रहे हैं, इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग अच्छे स्तर पर पहुंच गई है। अब देश में अध्यात्म की राह में लोग बढ़ रहे हैं। सनातन धर्म की संस्कृति, सभ्यता और विरासत सहेजने से ही सबका विकास होगा। उक्त विचार श्रीधाम वृद्धावन के रसिक भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने कोरबा प्रेस क्लब में आयोजन प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त की। रविशंकर शुक्ल नगर के चिल्ड्रन पार्क ग्राउंड में श्रीहित सहचरी सेवा समिति द्वारा दूसरे वर्ष आयोजित श्रीमद् भागवत कथा रसोत्सव में कथा का रसास्वादन कराने पहुंचे हैं। श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च जी ने बताया कि 4 से 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा रसोत्सव में पहले दिन कल गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शुक्रवार से कथा का शुभारंभ किया गया है। शोभायात्रा एक दिन पूर्व इसलिए निकाली गई कि कथा शुरू होने पर किसी तरह का खींचतान की स्थिति न रहे। उन्होंने बताया कि वृद्धावन में उनकी संस्था कन्या विवाह समेत अन्य मानव व समाज सेवा से जुड़े आयोजन करती है। सनातन धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश में गीता प्रेस गोरखपुर का पुस्तक के जरिए सनातन धर्म के प्रति प्रचार प्रसार में अहम योगदान रहा है, दूसरा आरएसएस द्वारा व्यापाक रूप से प्रचार किया गया जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। पूर्व में धर्माचार्य द्वारा व्यापाक प्रचार करना था लेकिन नहीं किया गया परंतु अब देश के हर कोने कोने में भक्तिमय कार्यक्रम के दौरान धर्माचार्य सनातन हिंदूत्व का प्रचार कर रहे हैं।

# आदिवासी अधिकारों और कानूनों का सम्मान करे भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा ने भाजपा सरकार द्वारा परसा ईस्ट केतेबासेन कोयला खदान को अडानी को सौंपने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपकर हसदेव के संबंध में विधानसभा के संकल्प पर अमल करने की अपील की है और 7 जनवरी को हसदेव में नागरिक प्रतिरोध मार्च में जिले से किसान सभा, भूविस्थापित संगठन, गौरक्षा आंदोलन समिति ने आम जनता से शामिल होने की अपील की है।

**खास बात**

- 7 जनवरी को हसदेव में नागरिक प्रतिरोध मार्च में शामिल होगी किसान सभा भूविस्थापित संगठन



ज्ञापन सौंपते किसान सभा के पदाधिकारी।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर, प्रशांत झा, दीपक साहू ने कहा है कि हसदेव क्षेत्र को खनन मुक्त रखने के संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने भाजपा के समर्थन से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था। आज भाजपा सत्ता में आने के बाद इस प्रस्ताव से मुकर रही है और अडानी की लूट के लिए खनन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस बल के साए में जंगल की कटाई करवा रही है। किसान सभा के नेता ने कहा है कि भाजपा सरकार का यह कदम आदिवासी विरोधी और वनाधिकार कानून, पेसा कानून और भू-अर्जन कानून का उल्लंघन है, जो यह कहता है कि वन भूमि पर आदिवासी अधिकारों की स्थापना पहले की जाएगी और उसके बाद ही ग्राम सभाओं की सहमति से खनन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हसदेव क्षेत्र में वनों पर काबिज आदिवासियों को पट्टे देने के बजाए उनसे वन अधिकार पत्रक तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा छीन लिए गए थे। उन्होंने ने कहा कि हसदेव के जंगलों के विनाश का अर्थ है बांगो बांध का अस्तित्व खत्म होना। पर्यावरण और जैव विविधता का खत्म होना, कृषि का चौपट होना, मानव-हाथी संघर्ष का बढ़ना और आदिवासियों का बड़े पैमाने पर विस्थापन ये सभी कारक मिलकर छत्तीसगढ़ और आदिवासियों की विनाश लीला ही रचेंगे। छत्तीसगढ़ किसान सभा ने कहा है कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने इस प्रदेश के आदिवासियों से जो वादे किए थे, सत्ता में आने के बाद भाजपा उस पर अमल करें, न कि कॉर्पोरेटपरस्त आदिवासी विरोधी रुख अपनाए। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान सभा, भूविस्थापित संगठन, गौरक्षा आंदोलन समिति मेघा चौहान, अब्दुल नफीस, दामोदर श्याम, सुमेन्द्र सिंह ठकराल, दीनानाथ, अमरजीत, होरीलाल, उत्तम दास, जय कौशिक उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व आचार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री हित सहचरी सेवा समिति रविशंकर शुक्लनगर द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।रविशंकर शुक्ल नगर से घंटाघर तक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें समिति के सदस्यों सहित नगरजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।भागवत कथा में भगवताचार्य श्रीधाम वृंदावन के श्रीहित ललित वल्लभ नागाचार्य व्यासपीठ से भक्तों को भगवान की कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन को लेकर श्री हित सहचरी सेवा समिति की बैठक चिल्ड्रन पार्क में आयोजित की गई। इसमें समिति की सदस्यों ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि नए साल के पहले सप्ताह में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कराया जाएगा। सदस्यों ने श्रीमद भागवत कथा की तिथि की थी। जिसके अनुसार 4 जनवरी से कथा शुरू हो गई है। समिति की संरक्षक नीरू राय ने बताया कि भागवत कथा की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। समापन अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। आयोजन को संपन्न कराने के लिए समिति बनाई गई है। इसकी संरक्षक नीरू राय, अध्यक्ष मंजुलता गुप्ता, उपाध्यक्ष आशा पांडेय, मीना ठाकुर, सचिव अंजना सिंह, सहसचिव निव्या विनायक, कोषाध्यक्ष कविता बरुई, उप कोषाध्यक्ष श्वेता दुबे, मेघा उपाध्याय, प्रियंका सिन्हा, सांस्कृतिक सचिव भावना स्वर्णकार, सलिका गोयल, मीनू शर्मा, प्रियंका वर्मा, सांस्कृतिक सहसचिव मीरा पांडे, क्रीड़ा सचिव राजश्री पांडे, श्वेता चेट्टी, मीडिया प्रभारी नेहा सिन्हा, सलाहकार किरण सिंह, अनीता राव अंशु सिंह अर्चना सिंह आशा देवांगन मीणा वनाफर मीरा बना पर विदिशा बरनवाल दिव्यांशी सिंह दमयंती सिंह गीता वरवली गुडिया सिंह कुसुम कारण प्रभा नायक रजनी श्रीवास्तव आभा प्रसाद राम उपाध्याय रिनी दुबे रूप मन्नार श्रद्धा तिवारी योगिता को बनाया गया है।

# इम्यूनोथेरेपी से चौथे स्टेज कैंसर का पूर्ण इलाज संभव : डॉ.रवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



**हेल्थ प्लस**

कैंसर विशेषज्ञ व रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के चिकित्सक डॉ.रवि जैसवाल ने बताया कि इम्यूनोथेरेपी कैंसर का लेटेस्ट व प्रभावी इलाज है। जो कीमोथेरेपी से होने वाले साईड-इफैक्ट से मरीज को बचाता है क्योंकि इस थेरेपी में कीमोथेरेपी की अपेक्षा साईड-इफैक्ट बहुत ही कम होते हैं, केवल कुछ ही मरीजों में सामान्य साईड-इफैक्ट हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इम्यूनोथेरेपी उन मरीजों के लिए हैं जिन पर यह थेरेपी प्रभावी रूप से काम कर सकती है, इसके लिए मरीज का मॉलीकुलर टेस्ट किया जाता है, यदि टेस्ट पॉजिटिव होता है तो उस मरीज का इलाज इम्यूनोथेरेपी से किया जाता है। डॉ.रवि जैसवाल ने बताया कि फेफडे के कैंसर, रेक्टल कैंसर, मुंह, बड़ी आंत, किडनी तथा ब्लेडर आदि के कैंसर में इम्यूनोथेरेपी बहुत ही ज्यादा सक्सेजफुल होती है। डॉ.रवि जैसवाल ने आगे बताया कि वर्तमान में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में सैकड़ों मरीजों का इलाज इम्यूनोथेरेपी के द्वारा किया जा रहा है तथा बिना किसी खास साईड-इफैक्ट के वे कैंसर की जंग जीत रहे हैं। उन्होने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि मरीजों के चौथे स्टेज का कैंसर भी इस थेरेपी से ठीक किया जा रहा है।



### तनिष्का जांगड़े ने जिले का बढ़ाया मान

**कोरबा।** कोलकाता में हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा आयोजित भारत संस्कृति उत्सव 16वां राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं 37वां ग्लोबल फेस्टिवल ऑफ इंडियन आर्ट एंड कल्चर 23 से 30 दिसंबर में संपन्न हुई जिसमें जिले की तनिष्का जांगड़े ने एकल कत्थक जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त की। सेमी क्लासिकल जूनियर वर्ग में प्रेसिडेंट अवॉर्ड मिला। इस उपलब्धि के साथ ही तनिष्का जांगड़े ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने की अर्हता हासिल कर ली है जो की दुबई या थाईलैंड में होने की संभावना है। तनिष्का जांगड़े न्यू एरा प्रोगेसिव स्कूल में कक्षा 7वीं की छात्रा है। त वर्ष 2022 में भी तनिष्का ने अखिल भारतीय संस्कृतिक संघ द्वारा आयोजित 18वीं कल्चरल फोरम ऑफ़ परफॉर्मिंग आर्ट्स पुणे में एकल कत्थक में द्वितीय स्थान तथा सेमी क्लासिकल में तृतीय स्थान प्राप्त की थी।

# श्रमिकों पर लाठी चार्ज, एटक ने जताया विरोध, उच्च स्तरीय जांच की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक के दौरान एटक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

बालको में 29 दिसंबर को प्रथम पाली से ठेका कर्मचारी अपनी मांगो 12 प्रतिशत सालाना इन्क्रीमेंट, प्रमोशन, ठेका कर्मचारियों को एलटीएस मे शामिल करना, स्थानीय भर्ती, प्रोडक्शन इनसेंटीव अन्य मुद्दे को लेकर ठेका कर्मचारी संयुक्त यूनियनों के बैनर तले आंदोलन कर रहे थे यह आंदोलन संयुक्त श्रम संगठन (एटक, नाम्स बीएमएस एचएमएस) के द्वारा किया जा रहा था।

बालको प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद वहां से सभी मजदूर साथी अपने-अपने विभाग में चले गए लेकिन प्रबंधन ने दूसरे दिन सैकड़ों से ज्यादा लोगों का गेट पास बंद कर दिया कुछ लोगों को सस्पेंड और कुछ लोगों को प्रदेश से बाहर ट्रांसफर कर दिया गया प्रबंधन के द्वारा किये गए इस कृत्य से मजदूर आक्रोशित हो गये और 2 जनवरी को आमसभा की और रैली निकाली गई। इसके बाद श्रमिक संगठनों से जुड़े श्रमिक नेता और श्रमिकों ने परसाभाटा में धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। हालांकि संयुक्त श्रम संगठनों द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन किया जा रहा था। इसी परिप्रेक्ष्य पर एटक ने बैठक आयोजित कर मजदूरों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया और बालको एटक के महासचिव सुनील सिंह ने कहा कि मजदूरों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर जिस तरह से पुलिस द्वारा श्रमिक नेताओं और श्रमिकों पर लाठी चार्ज किया गया हम उसकी निंदा करते हैं और इसके लिए हम मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उचित जांच और कार्यवाही की मांग करेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने मजदूरों के खिलाफ हो रही श्रम की लूट और मजदूर आंदोलन पर पुलिस के द्वारा किए गए बर्बता से लाठी चार्ज का घोर निंदा करते हैं और उच्च स्तरीय जांच की कार्वाई की मांग की गई है।

### योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे लोग

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड कटघोरा के ग्राम ढुरेना व बेलटिकरी में, जनपद पंचायत करतला के छातापाठ व भंवरखोल में शिविर आयोजित किया गया। साथ ही कोरबा विकासखण्ड के ग्राम कुदमुरा व तौलीपाली में पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के नवापारा व सिमगा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया।

### बिरहोर समाज की बिरस बिखेरेगी शिक्षा की ज्योति

**कोरबा।** जिले के पाली विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायय पोटापानी में बसने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की बिरस कुमारी द्वारा आने वाली पीढ़ी को शिक्षा ग्रहण कराने की यह चमकदार तस्वीर बिरहोर समाज के बदलाव को बयां करती है। बिरस का चयन सीधे शिक्षिका के रूप में हुआ है।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

यूनीक को.नं.
रा.प्र.क.-अ 27/2024
ग्राम महेशपुर प.ह.नं.10
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा महेशपुर प.ह.नं. 10 रा0नि0मं0 कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमिदादेवी पति भुवनपाल पुरी वगै. जाति गोसाई निवासी महेशपुर तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ0ग0 द्वारा अपने नाम की शामिलात खाते की भूमि खसरा नं. 91/2, 109/1, 111/2/क, 167/2, 179/1, रकबा 0.2020, 0.2830, 0.1620, 0.2430, 0.0360 हे. भूमि को उभय पक्षकारों के बीच 1/3 हिस्सा में खाता का विभाजन करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.01.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान :- कटघोरा
दिनांक :- 01.01.2024

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

# लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में आयोजित शिविर संपन्न हुआ। इस मौके पर शिविरार्थी छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। खरहरकुड़ा में शिविर का शुभारंभ 29 दिसंबर को मुख्य अतिथि राजेंद्र अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि राजकुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि संजय बुधिया, युवराज तिवारी, सरिता कंवर, अंजू यादव, दीपक जायसवाल व प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रासेयो के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद, छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। थाना प्रभारी उरगा युवराज तिवारी ने शिविरार्थी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासित रहते हुए समाज सेवा के माध्यम से व्यक्ति का विकास और अपने व्यक्तित्व का विकास करने कहा। इस अवसर पर खरहरकुडा की उप सरपंच अंजू यादव, प्राचार्य पी. पटेल, प्राध्यापक अजय कुमार पटेल, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद जायसवाल, यशवंत जायसवाल, यामिनी राठौर, धरम लहरे, रामनाथ बघेल, शिव कुमार साहू, दिव्या राम खिलावन पटेल आदि उपस्थित थे।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### डीएवी खरमोरा में इस्कॉन ने दी बच्चों को दी नैतिक शिक्षा

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल खरमोरा विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को इस्कॉन के सन्यासी विश्व कीर्ति दास, राधा पद पंकज दास और प्रीचर शुभम धनंजय दास और दुर्गेश साहू के द्वारा बच्चों के लिए नैतिक और चरित्र निर्माण शिविर का अयोजन किया गया। विद्यालय के प्रार्थना सभा में सर्वप्रथम प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे शिविर का अयोजन विद्यार्थियो के हित में कराया जाता है। शिविर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि आप जिस भी विचारधारा को मानते हैं उसे पूर्णतः आत्मसात कीजिए तथा इसे पानी के प्रवाह के माध्यम से भी समझाया गया। जैसे डैम में स्थित पानी तथा बाढ़ का पानी दोनों ही ऊर्जा के स्त्रोत हैं किंतु डैम का पानी सकारात्मक परिवर्तन हेतु उपयोग किया जाता है किंतु बाढ़ का पानी विनाशकारी के रूप में। इस तरह हर व्यक्ति के पास समान समय तथा समान ऊर्जा होती है जिसको सही दिशा में व्यय करना ही सही है तथा समाज में व्यक्तिगत रंग भेद के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व देखना चाहिए ना कि उसका रंग देखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मुखर्जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### बालको के मेगा हेल्थ कैंप से लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड हेल्प एज इंडिया के सहयोग से अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत गहनिया गांव में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 157 नागरिक लाभान्वित हुए। यह मेगा हेल्थ कैंप विशेषकर जनजाति समुदाय को समर्पित था जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विशेषज्ञ सेवाएं जैसे दंत, त्वचा, हड्डी, स्त्री रोग, ईएनटी, मेडिसिन, सामान्य चिकित्सक और मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। वृद्धजनों को एडवांस इलेक्ट्रोथेरेपी तकनीक से फिजियोथेरेपी सेवा प्रदान की गई। 56 वृद्ध एवं महिला को ओपीडी तथा 13 गर्भावस्था महिलाओं को परामर्श दिया गया। 39 हिमोग्लोबिन, 27 मधुमेह, 19 त्वचा जांच के साथ 7 लोगों को फिजियोथेरेपी सेवाएँ दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 34 महिलाओं को परामर्श दी गई। मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप से बालको समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य बेहतर भविष्य की ओर लेकर जाने के कटिबद्ध है। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गहनिया के साथ खेतार, फूटामुड़ा, केशलपुर और बेला पंचायत के 7 गांवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको ने इस साल लगभग 6 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं।

### कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**कोरबा।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। श्री वसंत ने बताया कि कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 4 जिलों के 8 विधानसभा आते हैं। जिनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के दो विधानसभा, भरतपुर व मनेन्द्रगढ़, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का मरवाही विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 6 से 22 जनवरी तक होगी। दावा-आपत्ति की अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 13 एवं 14 जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। इसी प्रकार दावा आपत्ति का निराकरण 2 फरवरी तक और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। विगत कई दिवस से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 6 जनवरी को विकासखंड कोरबा के ग्राम कटकोना में 10 बजे से, केरवां, ढेंगुरडीह में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम सिंघाली में 11 बजे से और ग्राम विजयपुर में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के घोंसरा में 10 बजे से, जामकछार, गडरा में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम भेलवागुड़ी, सीधापाठ में 10 बजे से तथा खरहरकुड़ा में 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम निरधी में 9 बजे से और सिल्ली में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

---

### बिलासपुर से कार में सवार होकर जा रहे थे उदयपुर

# मवेशी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार जा गिरी खाई में, मामा की मौत, भांजा गंभीर



दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार में सवार होकर मामा भांजे बिलासपुर से उदयपुर जा रहे थे देर रात को कटघोरा-अंबिकापुर हाईवे पर थे कि इस बीच मदनपुर मोड़ के पास अचानक मवेशी आ गई और मवेशी को बचाने के फेर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क के किनारे लगे रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे नीचे खाई में जा गिरी।

**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र के मदनपुर मोड़ के पास हुआ हादसा

इस सड़क हादसे में मामा की मौत हो गई जबकि उसका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारित चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर पंडरीडांड निवासी रोहित राम कंवर व उसका मामा बंकेश्वर पैंकरा बिलासपुर से कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 0449 में सवार होकर बिलासपुर से उदयपुर के लिए रवाना हुए थे। देर रात लगभग 12:45 बजे बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि सामने अचानक मवेशी आ गई मवेशी को देखते ही कार चला रहा बागेश्वर हड़बड़ा गया और मवेशी को बचाने के चक्कर में उसकी तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे नीचे जा गिरी। इस सड़क हादसे में बंकेश्वर की मौत हो गई जबकि रोहित राम कंवर गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात हादसे की सूचना मिलने पर मोरगा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत में बचाव कार्य करते हुए घायल रोहित को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में कार को चला रहे बागेश्वर के खिलाफ धारा 279, 337, 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### मदनपुर मोड़ है ब्लैक स्पॉट

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में सबसे अधिक हादसे कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग में ही घटित होते हैं। जिसमें से ब्लैक स्पॉट की बात करें तो आधा दर्जन से अधिक स्थान इस मार्ग में ब्लैक स्पॉट हैं। जिस स्थान पर कार खाई पर गिरी है मदनपुर मोड उसमें से एक ब्लैक स्पॉट है। जिसमें आए दिन इस स्थान पर सड़क दुर्घटनाएं होते रहती हैं। पुलिस द्वारा इन ब्लैक स्पॉटों को चिन्हांकित कर इस स्थान में गाड़ियों की रफ्तार कम करने की दिशा पर पहल भी की गई है लेकिन इसके बाद भी सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। निश्चित तौर पर विभाग ने इसके लिए एनएचएआई को पत्र भी लिखा है कि ब्लैक स्पॉटों को चिन्हांकित कर इन स्थानों पर हादसों को रोकने की दिशा पर कोई पहल की जाए।

#### वर्ष 2023 सड़क दुर्घटना पर एक नजर

| माह | प्रकरण | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 61 | 31 | 64 |
| फरवरी | 58 | 17 | 66 |
| मार्च | 48 | 25 | 52 |
| अप्रैल | 67 | 32 | 68 |
| मई | 58 | 28 | 59 |
| जून | 53 | 34 | 40 |
| जुलाई | 47 | 31 | 32 |
| अगस्त | 46 | 22 | 29 |
| सितंबर | 43 | 16 | 36 |
| अक्टूबर | 55 | 28 | 55 |
| नवंबर | 53 | 22 | 51 |
| दिसंबर | 54 | 28 | 33 |
| कुल | 643 | 314 | 585 |

#### एक साल के भीतर 314 लोगों ने गवाई जान

जिले में हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ते ही जा रहा है। वर्ष 2023 में जिले में कुल 643 सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें से 314 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है जबकि 585 लोग घायल हुए हैं। हालांकि यातायात पुलिस इन हादसों को रोकने के लिए लगातार हर वर्ष प्रयास करती है लेकिन हादसे कम होने का नाम नहीं ले रही है। ज्यादातर हादसे रफ्तार की वजह से या फिर ड्रिंक एन ड्राइव की वजह से हो रहे हैं। पुलिस ने इस बार नए साल पर ड्रिंग एंड ड्राइव को रोकने के लिए बेहतर पहल की थी। जिसके चलते 31 दिसंबर व नए साल पर सड़क हादसे में किसी की भी मौत नहीं हुई।

---

### जिला जल उपयोगिता समिति की हुई बैठक

**कोरबा।** अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के व्हीसी कक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्धारित एजेण्डावार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग एवं सचिव जिला जल उपयोगिता समिति एसएल द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग हसदेव बरॉज पीके वासनिक सहित जल संसाधन संभाग के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।बैठक में कार्यपालन अभियंता एवं सचिव जिला जल उपयोगिता समिति श्री द्विवेदी ने एजेण्डावार जानकारी देते हुए बताया कि मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले में वर्ष 2023-24 में खरीफ सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लक्ष्य के विरूद्ध 5820 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ सिंचाई किया गया है। कोरबा जिले में 75 लघु सिंचाई योजनाएँ निर्मित है, जिसकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 16404 हेक्टेयर है। इसमें 15484 हेक्टेयर खरीफ एवं 920 हेक्टेयर रबी सिंचित क्षेत्र है। वर्ष 2023-24 में लघु सिंचाई योजनाओ से 10737 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ सिंचाई लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लक्ष्य के विरूद्ध 10357 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई किया गया है। मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले में वर्ष 2023-24 में रबी सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है एवं लघु सिंचाई योजनाओं से 330 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

---

# जंगल को ही खोदकर बनाई जा रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

जंगल में वन विभाग द्वारा गिट्टी और मुरुम की सड़क बनाई जा रही है लेकिन सड़क बनाने के नाम पर जंगल में ही मिट्टी की जेसीबी से अवैध खुदाई की जा रही है और खुदाई कर सड़क बनाने का काम किया जा रहा है जो समझ से परे है। विभाग के ही अधिकारियों के नाक के नीचे

**खास बातें**

- कटघोरा वनमंडल के चैतमा वन परिक्षेत्र का मामला
- रेंजर की कार्यशाली पर उठे सवाल

यह सारा खेल खेला जा रहा है लेकिन जिम्मेदार विभाग के अफसर ना जाने क्यों शांत बैठे हुए हैं। विभाग के वरिष्ठ अफसरों को ऐसे मामलों को संज्ञान में लेकर दोषी अधिकारी, कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

मामला कटघोरा वनमंडल के चैतमा वन परिक्षेत्र की है। जहां वन विभाग द्वारा 15 लाख की लागत से रामाकछार से बगदरा के बीच लगभग 13 किलोमीटर की दूरी में मुरूम और मिट्टी के माध्यम से सड़क निर्माण कराया जाना है जिसके लिए वन विभाग द्वारा निर्माण काम भी कराया जा रहा है लेकिन रेंजर दिनेश कुर्रे द्वारा जंगल के ठीक बीचो-बीच से जेसीबी लगाकर जंगल में ही मिट्टी की खुदाई कराई जा रही है और मिट्टी को ही सड़क में पाट कर सड़क बनाया जा रहा है। अब इससे सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि आखिर जब जंगल से ही मिट्टी खोदकर सड़क बनाना है तो फिर राशि किसलिए जारी की गई है। 15 लाख की लागत से जो सड़क बननी है उसमें निर्माण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। ऐसा मामला यह पहली बार सामने नहीं आया है इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। जब इस मामले को लेकर दिनेश कुर्रे से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने पर टाल मटोल करते रहे और वरिष्ठ अफसरों से बात करने कहते नजर आए।



जेसीबी से खुदाई करता चालक।



निर्माणाधीन सड़क।

#### मुख्यालय पर नहीं रहते हैं अधिकारी, कर्मचारी

विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज अफसर व कर्मचारियों के लिए कार्यालय तैयार करने की दिशा पर पूर्व में पहल की गई थी लेकिन आज तक कार्यालय बन नहीं पाया है। जिसके चलते अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय पर नहीं रहते हैं। जिसके चलते इस क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के भी हौसले बुलंद है। गाहे बगाहे लकड़ी तस्कर इस क्षेत्र में घुसकर बड़े पैमाने पर लड़कियों की अवैध कटाई करते हैं तो अवैध कब्जे के भी कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन न जाने क्यों वरिष्ठ अफसर इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते इस क्षेत्र में लगातार इस तरह की गतिविधियां बढ़ती ही जा रही है।

---

# मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी के एक मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी जप्त किया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसी/ 34 सीएसईबी कालोनी

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला

निवासी विभांशु एस.सिंह सीएसईबी कोरबा पूर्व मे अधीक्षण यंत्री के पद पर कार्यरत है। विभांशु 31 दिसंबर की रात्रि लगभग 9 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ मिशन रोड स्थित मेनोनाईट चर्च गया हुआ था और जब वह अपने परिवार के साथ उसी रात लगभग 12 बजे अपने घर वापस आया तो देखा कि घर के पीछे वाला दरवाजा खुला हुआ था और घर के अंदर अलमारी के लॉकर में रखा हुआ चांदी के जेवर तथा कुछ नगदी रकम घर में नही था जिसे कोई अज्ञात चोर घर के पीछे बने बाउंड्रीवाल को कूद कर दरवाजा को खोलकर भाग गया। विभांशु की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरामशीन योगेश्वर विश्वकर्मा उर्फ चंटी 28 वर्ष पिता रामकुमार विश्वकर्मा एवं देव प्रसाद 29 वर्ष पिता स्व. तुलसी राम साहू को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 2 जोड़ी चांदी पायल व 4 हजार रुपए नगद रुपए जप्त किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

---

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवती व युवक की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंडसट्रियल एरिया की है। यहां निवासरत गोपाल रात्रे 50 वर्ष खरमोरा में किसी बिल्डिंग में काम कर रहा था जहां ऊंचाई से गिर गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी की है। यहां निवासरत नरेश यादव की 20 वर्षीय पुत्री नेहा यादव को गंभीरावस्था में उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। नेहा यादव की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों ही मामलों में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। देर शाम होने की वजह से दोनों ही मामले में पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं हो पाई है। अब शनिवार की सुबह दोनों मामलों में पोस्टमार्टम की कार्यवाही होगी और परिजनों का बयान कलमबद्ध किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी समीर से इस्ट्राग्राम में दोस्ती हुई। फिर दोनों के बीच इस्ट्राग्राम में बातचीत होने लगी। आरोपी समीर ने पीड़िता को अपने प्रेमजाल में फंसाकर कई बार मिलने बुलाया और 7 मई 2023 को पीड़िता को उसके गृह ग्राम छोड़ने जाते समय लबेद के जंगल में बलात्कार किया। जब पीड़िता विवाह करने के लिए आरोपी को बोली तो पहले विवाह करने से इंकार किया। फिर पीड़िता द्वारा आरोपी के घर जाकर दबाव बनाया। तो आरोपी एक महीने के भीतर विवाह करने की बात किया और बाद समीर शादी से मुकर गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ग्राम बाता थाना कुसमुण्डा निवासी समीर भारद्वाज उम्र 25 वर्ष पिता रेशम लाल भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# मारपीट के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर स्कूलपारा निवासी अजमेर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसी गांव में ही निवासरत देव प्रसाद गोंड़, रामखिलावन उर्फ भोले, आधार सिंह एवं श्रीमती भगवनिया बाई द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच करते हुए घर अंदर घुसकर लाठी डंडे से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले में पुलिस ने अजमेर की रिपोर्ट पर सभी आरोपी देव प्रसाद गोंड़, रामखिलावन उर्फ भोले, आधार सिंह एवं श्रीमती भगवनिया बाई के खिलाफ धारा 452, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरा

### पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में नगर निगम तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर आयुक्त खजांची कुम्हार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं एवं पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक श्री कश्यप ने बताया गया कि जिले में इस योजनान्तर्गत 7898 कारीगरों, शिल्पकारों का पंजीयन किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं शहरी निकाय क्षेत्रों में नगरीय निकायों के द्वारा प्रथम चरण सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति में आवेदन पत्रों का पुनरीक्षण कर पात्र कारीगरों, शिल्पकारों का अनुमोदन किया।







